पत्र संख्या– 26/वि0प0–02–07/2024 2775

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

आलोक कुमार,
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– 22/7/24

विषय – श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त अल्पसूचित प्रश्न डायरी सं0–01/207/119 के हस्तान्तरण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक अल्पसूचित प्रश्न डायरी सं0–01/207/119 की प्रति सलंग्न करते हुए कहना है कि पटना मुख्य नहर के 109.20 कि0मी0 पर नौबतपुर लॉक अवस्थित है। इसका उपयोग अपस्ट्रीम में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराये जाने के लिए किया जाता है। यह लॉक अच्छी अवस्था में है। इस लॉक पर पूर्व से एकपथीय सेतु निर्मित है, जिसके माध्यम से वर्तमान में नौबतपुर–दुल्हिन बाजार पथ पर आवागमन होता है। प्रश्नाधीन मामले में इस स्थल पर चारमुहान एवं जाम की समस्या होने के कारण पथ का चौड़ीकरण कराने हेतु अनुरोध किया गया है, जो पथ निर्माण विभाग के क्षेत्राधीन है। पथ का चौड़ीकरण करने हेतु अगर आवश्यक हो तो जल संसाधन विभाग से अनापत्ति प्रमाण–पत्र की मांग की जाय।

अतः निदेशानुसार विषयांकित अल्पसूचित प्रश्न डायरी सं0–01/207/119, मूल में पथ निर्माण विभाग को अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु हस्तान्तरित किया जाता है।

इसकी सूचना बिहार विधान परिषद्, सचिवालय, पटना को भी दी जा रही है ।

अनु0: – यथावत् ।

विश्वासभाजन

22/07/24

(आलोक कुमार)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

पत्रांक – 2775 पटना, दिनांक – 22/7/24

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित ।

22/07/24

संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

पत्रांक – 2775 पटना, दिनांक – 22/7/24

प्रतिलिपि – प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, पटना/कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

22/07/24

संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)